**बिहार सरकार**
**ग्रामीण विकास विभाग**

पत्रांक:- 5717282 दिनांक:- 05/06/26

ग्रा०वि०-04/प्रखंड भवन-02-16/2025

सेवा में,

**महालेखाकार,**
बिहार, पटना।

**विषय:-** **शेखपुरा जिलान्तर्गत डी०आर०डी०ए० कार्यालय भवन, शेखपुरा की मरम्मति कार्य हेतु तकनीकी अनुमोदित प्राक्कलित राशि ₹14,83,400/-(चौदह लाख तिरासी हजार चार सौ) रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति।**

**आदेश:-** **स्वीकृत।**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक अभियन्ता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक-1214(भ०) दिनांक-05.02.2026 द्वारा शेखपुरा जिलान्तर्गत डी०आर०डी०ए० कार्यालय भवन, शेखपुरा की मरम्मति कार्य हेतु तकनीकी अनुमोदित प्राक्कलित राशि ₹14,83,400/-(चौदह लाख तिरासी हजार चार सौ) रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति की मांग की गई है।

2. भवन निर्माण विभाग द्वारा किये गये अनुरोध के आलोक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए उपर्युक्त कार्य हेतु प्रदत्त तकनीकी अनुमोदित प्राक्कलित राशि ₹14,83,400/-(चौदह लाख तिरासी हजार चार सौ) रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की जाती है।

3. उपर्युक्त योजना का कार्यान्वयन ग्रामीण विकास विभाग के लिए निर्धारित योजना उद्व्यय के अन्तर्गत भवन निर्माण विभाग के मांग संख्या-03 अन्तर्गत मुख्य शीर्ष 2059 लोक निर्माण कार्य, उप मुख्य शीर्ष 01- कार्यालय भवन, लघु शीर्ष- 053 रखरखाव तथा मरम्मत, उप शीर्ष- 0033- ग्रामीण विकास विभाग के भवन का अनुरक्षण एवं मरम्मत के अन्तर्गत विपत्र कोड 03-2059010530033 के विषय शीर्ष 27-02 से विकलनीय होगा।

4. व्यय की राशि के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, शेखपुरा होंगे तथा राशि की निकासी जिला कोषागार, शेखपुरा से की जायेगी।

5. स्वीकृत राशि की निकासी एवं व्यय के क्रम में बिहार वित्त नियमावली/बिहार कोषागार संहिता/बजट मैनुअल/PWD A/c Code एवं वित्त विभाग के परिपत्र सं0-2561 वि0(2) दिनांक 17.04.1998 तथा समय-समय पर निर्गत अनुदेशों/निदेशों का अनुपालन किया जायेगा। व्यय विवरणी ससमय विभाग तथा महालेखाकार कार्यालय को प्रेषित किया जायेगा।

6. वित्त विभागीय संकल्प सं०-12888 दिनांक-03.12.2024 के आलोक में प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार के रूप में प्रधान सचिव की स्वीकृति संचिका संख्या- ग्रा०वि०-04/प्रखंड भवन-02-16/2025 के पृ0- 15 /टि0 पर दिनांक 05.06.2026 को प्राप्त है।

7. स्वीकृत्यादेश प्रारूप पर आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति प्राप्त है।

विश्वासभाजन,
(हस्ताक्षर) 5/6/26
**(रवि कुमार)**
सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक:- 5717282 दिनांक:- 05/06/26

**प्रतिलिपि**- आयुक्त, मुंगेर प्रमंडल, मुंगेर/ जिला पदाधिकारी, शेखपुरा/ उप विकास आयुक्त, शेखपुरा/ जिला कोषागार पदाधिकारी, शेखपुरा/ कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, शेखपुरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

5/6/26

सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक:- 5717282 दिनांक:- 05/06/26

**प्रतिलिपि**- सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/ अभियन्ता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

5/6/26

सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक:- 5717282 दिनांक:- 05/06/26

**प्रतिलिपि**- प्रधान सचिव के प्रधान आप्त सचिव, ग्रामीण विकास विभाग/ आई.टी. मैनेजर, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार, पटना (विभागीय वेबसाईट पर प्रकाशनार्थ) को सूचनार्थ प्रेषित।

5/6/26

सरकार के संयुक्त सचिव